जावी-लिपि में लिखित इस रामायण का प्रकाशन 'देवनागरी' लिपि में लिप्यन्तर करके डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्र के 'हिन्दी-भाषानुवाद' के साथ किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ७०४ ३००.००

३०. संस्कृत-शिक्षण-समीक्षण

इस ग्रन्थ के प्रणेता डॉ. इन्दिराचरण पाण्डेय हैं। इस ग्रन्थ में डॉ. पाण्डेय ने संस्कृत-शिक्षा की समीक्षा करते हुए शिक्षा-प्रणाली का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. २५६ १००.००

३१. विश्वदृष्टि : डॉ. सम्पूर्णानन्द स्मृति-ग्रन्थ

इस ग्रन्थ का प्रकाशन वेद-व्याकरण-धर्मशास्त्र-दर्शन-ज्यौतिष-इतिहास-राजनीति-साहित्य प्रभृति विषयों से सम्बद्ध निबन्धों का सङ्कलन करके तथा सम्पादित कराकर किया गया है।

आकार : क्राउन, पृ.सं. १०५४ ३५०.००

३२. डॉ. सम्पूर्णानन्द—जीवन एवं चिन्तन

इस मूर्द्धन्य ग्रन्थ में डॉ. सम्पूर्णानन्द जी के जीवनचरित, उनकी कृतियों एवं विचारों का अनुसन्धानात्मक विवरण दिया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १९२ ५०.००

३३. सौन्दर्यदर्शनविमर्शः

सौन्दर्यशास्त्र के इस अपूर्व ग्रन्थ के प्रणेता आचार्य श्री गोविन्दचन्द्र पाण्डेय हैं। विद्वान् लेखक ने इस ग्रन्थ में सौन्दर्यशास्त्र की इतिहास-परतन्त्रता, नानायुगवर्ती काव्य, शिल्प तथा संगीत आदि की भेदप्रदर्शन-पूर्वक व्यापक रूपकल्पना एवं रूपधर्मनिरूपण आदि विषयों का समालोचनात्मक विवरण प्रस्तुत किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १२२ ९०.००

३४. को वै रसः

यह ग्रन्थ विश्रुत मनीषी आचार्य श्री पी. रामचन्द्रुडु द्वारा प्रणीत है। विद्वान् लेखक ने इस ग्रन्थ में विविध विषयों पर गम्भीर विचार किया है। जहाँ एक ओर उन्होंने वेदान्तदर्शन की 'भामती' टीका पर अपना विश्लेषण प्रस्तुत किया है, वहीं साहित्यशास्त्र के रस-विमर्श से लेकर कालिदास की पुनरुक्तियों पर बहुत रोचक शैली में विचार प्रकट किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १०४ ९०.००

३५. अत्रिनिर्वचनम्

म.म. श्री मथुरा प्रसाद दीक्षित द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में संस्कृत-विश्वकोशान्तर्गत 'अत्रि' शब्द का भारती तथा वैदिकी व्याख्याओं द्वारा विशद विवेचन किया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. ९८ १.५०

३६. रसगङ्गाधरः

पण्डितराज जगन्नाथ द्वारा प्रणीत साहित्यशास्त्र के प्राणभूत इस ग्रन्थ का प्रकाशन श्री नागेश भट्ट द्वारा प्रणीत 'गुरुमर्मप्रकाश' नामक व्याख्या के साथ किया गया है। विवरणात्मक भूमिका के साथ इसका सम्पादन प्रो. पारसनाथ द्विवेदी ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. २८० भाग-१ — १८०.००
आकार : डिमाई, पृ.सं. ८९६ भाग-२ — ४८०.००

३७. भवभूति की काव्यभाषा का शैली(रीति)वैज्ञानिक अध्ययन

साहित्यशास्त्र के इस उत्कृष्ट ग्रन्थ के प्रणेता डॉ. व्रजभूषण त्रिपाठी जी हैं। श्री त्रिपाठी जी ने इस ग्रन्थ में भवभूति की काव्यभाषा का विस्तृत एवं अनुसन्धानात्मक विवेचन किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. २७२ — २६०.००

३८. विद्वच्चरितपञ्चकम् (द्वितीय संस्करण)

श्री नारायण शास्त्री खिस्ते द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में विक्रम की १८वीं शती के अन्त तथा १९वीं शती के मध्य में भारत-प्रसिद्ध पाँच विद्वानों का चरित चक्र-पद्धति में लिखा गया है। प्रायः सभी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काशी के अध्यापक रहे हैं। आज भी इनकी शिष्य परम्परा व्याकरण, न्याय और साहित्यशास्त्र में चल रही है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १५८ — १००.००

३९. अवेस्ता हओम यस्त एवं बेहिस्तन शिलालेखीय प्राचीन फारसी

डॉ. शारदा चतुर्वेदी द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में अवेस्ता लिपि का विशद एवं विवरणात्मक विवेचन किया गया है तथा प्राचीन फारसी में लिखे बेहिस्तन शिलालेख का नागरी लिपि में मूलपाठ, वाक्यानुसारी पाठ, संस्कृतच्छाया, अंग्रेजी अनुवाद आदि विषयों का अनुसन्धानात्मक संकलन किया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. २२४ — १००.००

४०. अध्यात्मरामायणम्

पण्डित श्री रामानन्दाचार्य द्वारा प्रणीत इस महनीय ग्रन्थ का प्रकाशन पण्डित श्री कुबेरनाथ शुक्ल जी के विशद हिन्दी-विवेचन के साथ उन्हीं के सम्पादकत्व में सम्पन्न किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ५४४ ४५०.००

४१. भारतस्य सांस्कृतिको दिग्विजयः (द्वितीय संस्करण)

श्री हरिदत्त वेदालङ्कार द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में प्रतिपादित किया गया है कि भारत ने विश्व के किन-किन भागों में जाकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक विजय प्राप्त की थी और अपनी संस्कृति की छाप छोड़ी थी। इसकी सिद्धि में अनेक प्रमाण भी दिये गये हैं।

आकार : रायल, पृ.सं. ३७२ २८०.००

४२. .मनोऽनुरञ्जननाटकम् (द्वितीय संस्करण)

श्री अनन्तदेव द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में गोवर्द्धनपूजा तथा चीरहरणलीला का वर्णन है। पाँच अङ्कों का यह नाटक आपदेव के पुत्र की कृति है। इसमें भक्ति का उत्तम परिपोष किया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. ११४ ८०.००

४३. संस्कृतकथाकुञ्जः

पण्डित श्री शिव जी उपाध्याय तथा डॉ. शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी द्वारा सम्पादित इस ग्रन्थ में साहित्यशास्त्र के मूर्द्धन्य विद्वानों द्वारा प्रणीत उत्कृष्ट कथाओं का संग्रह किया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १८४ १३०.००

४४. सिखधर्म की व्यापकता एवं नामधारी दरबार

सिख-साहित्य के इस महनीय ग्रन्थ के प्रणेता एवं सम्पादक डॉ. रामरङ्ग शर्मा हैं। डॉ. शर्मा ने इस ग्रन्थ में प्रधानतया नामधारी-सम्प्रदाय के समग्र इतिहास का सारांश रूप में उत्कृष्ट निरूपण किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. १०६ १६०.००

४५. जपुजी साहिब

गुरुमुखी लिपि में प्रणीत सिख-सम्प्रदाय के इस महनीय ग्रन्थ का प्रकाशन डॉ. रामरङ्ग शर्मा के हिन्दी-अनुवाद के साथ किया गया है। डॉ. शर्मा ने हिन्दी-अनुवाद के साथ ही साथ विवरणात्मक भूमिका तथा अनुसन्धानात्मक परिशिष्टों से विभूषित कर इस ग्रन्थ का सम्पादन किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. १३४ — १५०.००

४६. काव्यप्रकाशः

साहित्यशास्त्र के प्राणभूत इस ग्रन्थ का प्रकाशन संस्कृत-भाषा में प्रणीत श्री गोविन्द ठाकुर की 'प्रदीप' व्याख्या तथा श्री नागोजी भट्ट की 'उद्द्योत' व्याख्या के साथ किया गया है। इसका सम्पादन साहित्यशास्त्र के मनीषी विद्वान् आचार्य श्री शिव जी उपाध्याय ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. — (शीघ्र-प्रकाश्य)

४७. जैमिनीयं सामगानम् (द्वितीय संस्करण)

आचार्य जैमिनि द्वारा प्रणीत सङ्गीतशास्त्र के इस महनीय ग्रन्थ का सम्पादन पं. श्री विभूतिभूषण भट्टाचार्य ने किया है। इस ग्रन्थ में सामगान की विविध पद्धतियों का विशद विवेचन हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ४०० — २००.००

४८. इण्डोनेशिया में संस्कृत

यह ग्रन्थ डॉ. जे. गोंदा द्वारा मूलतः आङ्ग्ल-भाषा में प्रणीत है। इसका हिन्दी-अनुवाद श्री अलख निरंजन पाण्डेय ने किया है। इस ग्रन्थ में इण्डोनेशिया में संस्कृत-भाषा की स्थिति, विकास आदि का अनुसन्धानात्मक दृष्टि से विशद विवेचन किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ७७६ — ६५०.००

४९. अर्वाचीनं मनोविज्ञानम् (द्वितीय संस्करण)

मामराजदत्त कपिल द्वारा प्रणीत भारतीय दृष्टिकोण से लिखा गया मनोविज्ञानशास्त्र का यह प्रामाणिक ग्रन्थ है। विद्वान् लेखक ने आधुनिक

विचारधारा को प्राचीनता के साथ समन्वित करते हुए इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ५६० ४३२.००

५०. साहित्यशारीरकम्

साहित्यशास्त्र के इस महनीय ग्रन्थ के प्रणेता प्रो. रेवा प्रसाद द्विवेदी हैं। प्रो. द्विवेदी जी ने इस ग्रन्थ में साहित्यशास्त्र के महत्त्वपूर्ण विषयों काव्य, नाट्य आदि का अनुसन्धानात्मक विश्लेषण किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. २३२ २००.००

५१. त्रिपुरदाहः

महाकवि वत्सराज द्वारा प्रणीत इस डिम-ग्रन्थ में भगवान् महेश के द्वारा त्रिपुरासुर के विनाश का उत्कृष्ट निरूपण है। विषय की दृष्टि से इस ग्रन्थ के साथ श्री वेङ्कयार्य द्वारा प्रणीत **'महेन्द्रविजय'** तथा श्री वेङ्कटवरदाचार्य द्वारा प्रणीत **'श्रीकृष्णविजय'** नामक दो अन्य डिम-ग्रन्थ भी निबन्धित हैं। इस ग्रन्थ का सम्पादन डॉ. दशरथ द्विवेदी तथा डॉ. राजनारायण उपाध्याय ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १६८ ८०.००

५२. वर्णाश्रम शिक्षा-व्यवस्था तथा आधुनिक युग में उसकी उपयोगिता

डॉ. सुभाष चन्द्र तिवारी द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में वर्णाश्रम-शिक्षा-व्यवस्था का साङ्गोपाङ्ग निरूपण किया गया है। ब्रह्मवाद, ज्ञानवाद, आत्मवाद, मुक्तिवाद, सौन्दर्यवाद, भौतिकवाद, आधुनिक शिक्षा-दर्शन आदि के साथ वर्णाश्रम-शिक्षा-व्यवस्था का सुविशद विवेचन इस ग्रन्थ में किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. २०८ २००.००

५३. शिवलीलार्णवः

महाकवि श्री नीलकण्ठ दीक्षित द्वारा प्रणीत इस महाकाव्य में भगवान् शिव की चतुष्षष्टि लीलाओं का लालित्यपूर्ण वर्णन किया गया है। इसका सम्पादन डॉ. ददन उपाध्याय ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. ३१२ २००.००

५४. देवीस्तोत्रम्

श्रीयशस्कर कवि द्वारा प्रणीत गिरिजादेवी के स्तुतिपरक इस पद्यकाव्य में श्री शोभाकर मिश्र द्वारा प्रणीत 'अलङ्काररत्नाकर' में विवेचित अलङ्कारों के उदाहरण के रूप में ही पद्यों को प्रस्तुत किया गया हैं। इंसका सम्पादन डॉ. काली प्रसाद दूबे ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ४८ — १२.००

५५. विशुद्धवैभवं महाकाव्यम्

म.म. श्री गोपीनाथ कविराज के गुरु, महान् साधक स्वामी श्री विशुद्धानन्द परमहंस के जीवन पर आधारित इस महाकाव्य का प्रणयन पं. श्री मनुदेव भट्टाचार्य ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. १६० — २५.००

५६. धर्मविजयनाटकम् (द्वितीय संस्करण)

अकबर के वेतनाध्यक्ष केशवदास की प्रेरणा से किसी कश्मीरी पण्डित द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ का प्रकाशन सरस्वतीभवन पुस्तकालय की हस्तलिखित पाण्डुलिपि के आधार पर किया गया है। इसका सम्पादन पं. श्री नारायण शास्त्री खिस्ते ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. ८० — ८०.००

५७. पराम्बास्तुतिशतकम्

पं. श्री विद्याधरदत्त पाण्डेय द्वारा प्रणीत देवी-स्तुति का यह महत्त्वपूर्ण लघु-ग्रन्थ अत्यन्त आकर्षक एवं प्रसादगुणयुक्त श्लोकों से अलंकृत है।

आकार : रायल, पृ.सं. ५२ — १६.००

५८. स्केच आफ द राइज एण्ड प्रोग्रेस आफ द बनारस पाठशाला

जार्ज निकोलस द्वारा प्रणीत इस महनीय ग्रन्थ में बनारस संस्कृत पाठशाला (वर्तमान-सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय) का सन् १७९१ से १९०६ ई. तक का इतिहासात्मक विशद वर्णन किया गया है। इसका सम्पादन प्रकाशन-निदेशक डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. १९२ — ३००.००

५९. साहित्यविमर्शः

डॉ. रहसबिहारी द्विवेदी द्वारा प्रणीत साहित्यशास्त्र के इस अद्भुत ग्रन्थ में विविध शास्त्रीय विषयों पर लिखे गये अनुसन्धानात्मक निबन्धों को सङ्कलित एवं सम्पादित कर प्रकाशित किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. (शीघ्र प्रकाश्य)

६०. सूक्तिमुक्तावली (द्वितीय संस्करण)

प्रवाहयुक्त भाषा से अलंकृत इस गद्यकाव्य का प्रणयन पं. श्री गोकुल-नाथोपाध्याय ने किया है। सात आख्यायिकाओं से युक्त इस काव्य का सम्पादन पं. श्री भूपनारायण झा ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. १४८ १५०.००

६१. श्रीमम्मटभट्टपण्डितराजजगन्नाथयोर्मतभेदविमर्शः

साहित्यशास्त्र के इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के प्रणेता पं. श्री वायुनन्दन पाण्डेय हैं। विद्वान् लेखक ने इस ग्रन्थ में पण्डितराज जगन्नाथ एवं श्री मम्मट भट्ट के विविध शास्त्रीय मतभेदों का अनुसन्धानात्मक परिशीलन किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. (शीघ्र प्रकाश्य)

६२. काव्यकल्पलतावृत्तिः

श्री अमरचन्द्र यति द्वारा प्रणीत कविशिक्षा-विषयक इस अपूर्व ग्रन्थ का प्रकाशन सरस्वतीभवन-पुस्तकालय की हस्तलिखित पाण्डुलिपि के आधार पर किया गया है। इसका सम्पादन डॉ. ददन उपाध्याय ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. (शीघ्र प्रकाश्य)

६३. रघुवीरचरितम्

महाकवि मल्लिनाथ द्वारा प्रणीत साहित्यशास्त्र के इस महाकाव्य में रामचन्द्र जी के वनवास से प्रारम्भ कर राज्याभिषेक तक की कथा अत्यन्त सरस पद्यों द्वारा सत्रह सर्गों में वर्णित है। इसका सम्पादन डॉ. मञ्जू उपाध्याय ने किया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. (यन्त्रस्थ)

६४. पण्डितराज जगन्नाथ के काव्य-ग्रन्थों का साहित्यिक अनुशीलन

डॉ. मनुलता शर्मा द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में पण्डितराज जगन्नाथ के समग्र काव्य-ग्रन्थों का अनुसन्धानात्मक अनुशीलन किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. (यन्त्रस्थ)

६५. १९०१-१९२० ई. पर्यन्तं वाराणसेयसंस्कृतकवीनां समीक्षात्मकमध्ययनम्

डॉ. राजेन्द्र प्रताप त्रिपाठी 'रजोला जी' द्वारा प्रणीत इस ग्रन्थ में सन् १९०१ से १९२० तक के वाराणसीस्थ संस्कृत कवियों के विषय में अनुसन्धानात्मक विशद विवेचन किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. (शीघ्र प्रकाश्य)

६६. काव्यप्रकाशः (द्वितीय संस्करण)

इस ग्रन्थ का प्रकाशन संस्कृत-भाषा में लिखि **'विस्तारिका'** टीका के साथ दो भागों में हुआ है। इसके सम्पादक विश्रुत मनीषी डॉ. गौरीनाथ शास्त्री जी हैं।

आकार : डिमाई, पृ.सं. २३८ भाग-१ (यन्त्रस्थ)
आकार : डिमाई, पृ.सं. ३६४ भाग-२ (यन्त्रस्थ)

६७. स्तोत्रवल्लरी (द्वितीय संस्करण)

'पद्मश्री' स्व. पण्डित श्रीरघुनाथ शर्मा द्वारा प्रणीत स्तोत्रों को सङ्कलित करके इस ग्रन्थ का प्रकाशन किया गया है।

आकार : डिमाई, पृ.सं. ११४ (यन्त्रस्थ)

१२. परिसंवाद-ग्रन्थमाला

इस विश्वविद्यालय में समय-समय पर जो अखिल भारतीय परिसंवाद-गोष्ठियाँ आयोजित होती रहती हैं और उनमें जो वैदुष्यपूर्ण निबन्ध विद्वानों के द्वारा पढ़े जाते हैं, उन्हीं निबन्धों को सम्पादित करके 'परिसंवाद-ग्रन्थमाला' के अन्तर्गत प्रकाशित कराया जाता है। अब तक इस ग्रन्थमाला के सात भाग प्रकाशित हो चुके हैं, जिसमें पहला भाग अनुपलब्ध है।

आकार : रायल, पृ.सं. २४० भाग-२	२३.००
आकार : रायल, पृ.सं. ३५६ भाग-३	४६.००
आकार : रायल, पृ.सं. ३५२ भाग-४	५०.००
आकार : रायल, पृ.सं. २९६ भाग-५	१६०.००
आकार : रायल, पृ.सं. ४२० भाग-६	३६०.००
आकार : रायल, पृ.सं. २७२ भाग-७	२५०.००
आकार : रायल, पृ.सं. .... भाग-८	(शीघ्र प्रकाश्य)

१३. हस्तलिखित ग्रन्थों की विवरणात्मिका सूची

१. विवरणपञ्जिका (प्रथम-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **वेद** और **उपनिषद्** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४०६ — २३०.००

२. विवरणपञ्जिका (प्रथम-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **वेद** एवं **उपनिषद्** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। इस भाग के अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २५८ — १६०.००

३. विवरणपञ्जिका (प्रथम-खण्ड, भाग-३)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **वेद-शास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३६० — ५६.००

४. विवरणपञ्जिका (प्रथम-खण्ड, भाग-४)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **वेद-शास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। इस भाग के अन्त में अकारादि-क्रम से तृतीय एवं चतुर्थ भाग के ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३५६ — ५४.००

५. विवरणपञ्जिका (द्वितीय-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **कर्मकाण्ड** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३०६ — २००.००

६. विवरणपञ्जिका (द्वितीय-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **कर्मकाण्ड** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि क्रम से प्रथम एवं द्वितीय भाग के ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २२० — १५०.००

७. विवरणपञ्जिका (द्वितीय-खण्ड, भाग-३)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **कर्मकाण्ड** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३८४ — ६०.००

८. विवरणपञ्जिका (द्वितीय-खण्ड, भाग-४)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **कर्मकाण्ड** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। इस भाग के अन्त में अकारादि-क्रम से तृतीय एवं चतुर्थ भाग के ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४०० — ७०.००

९. विवरणपञ्जिका (तृतीय-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **धर्मशास्त्र** के ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि क्रम से ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २५६ — ४.३१

१०. विवरणपञ्जिका (तृतीय-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **धर्मशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३२० — ६०.००

११. विवरणपञ्जिका (चतुर्थ-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **पुराणेतिहास और गीता** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थों की सूची संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३२६ — ६.२५

१२. विवरणपञ्जिका (चतुर्थ-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **पुराणेतिहास और गीता** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४७२ — ७०.००

१३. विवरणपञ्जिका (पञ्चम-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **स्तोत्रों** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३२० — ७.२५

१४. विवरणपञ्जिका (पञ्चम-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **स्तोत्रों** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। ग्रन्थ के अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थसूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३१८ — ७.२५

१५. विवरणपञ्जिका (पञ्चम-खण्ड, भाग-३)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **स्तोत्रों** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४८८ — ७२.००

१६. विवरणपञ्जिका (पञ्चम-खण्ड, भाग-४)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **स्तोत्रों** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। इस भाग के अन्त में अकारादि-क्रम से तृतीय एवं चतुर्थ भाग के ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३९२ — ७२.००

१७. विवरणपञ्जिका (षष्ठ-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **तन्त्रशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २९८ — १८०.००

१८. विवरणपञ्जिका (षष्ठ-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **तन्त्रशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३५२ — ५०.००

१९. विवरणपञ्जिका (षष्ठ-खण्ड, भाग-३)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **तन्त्रशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। इस भाग के अन्त में अकारादि-क्रम से द्वितीय एवं तृतीय भाग के ग्रन्थों की सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३४४ — ६४.००

२०. विवरणपञ्जिका (सप्तम-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **सांख्य-योग, पूर्वमांसा** तथा **वेदान्तदर्शन** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३६६ — ७.००

२१. विवरणपञ्जिका (सप्तम-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **मीमांसादर्शन** एवं **वेदान्तदर्शन** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २६४ — ५०.००

२२. विवरणपञ्जिका (अष्टम-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **न्याय-वैशेषिक-दर्शन** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४२६ — ८.५०

२३. विवरणपञ्जिका (अष्टम-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **न्याय-वैशेषिक-दर्शन** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३७२ — २२४.००

२४. विवरणपञ्जिका (नवम-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **ज्यौतिषशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३७४ — ७.५०

२५. विवरणपञ्जिका (नवम-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **ज्यौतिषशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ४०० — ६६.००

२६. विवरणपञ्जिका (दशम-खण्ड)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **व्याकरणशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. २६० — ६.००

२७. विवरणपञ्जिका (एकादश-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **साहित्यशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३९४ — ८.५०

२८. विवरणपञ्जिका (एकादश-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **साहित्यशास्त्र** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थ-सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३२४ — २००.००

२९. विवरणपञ्जिका (द्वादश-खण्ड, भाग-१)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **जैनदर्शन, भक्तिसम्प्रदाय, आयुर्वेद, कामशास्त्र, शिल्पशास्त्र, सङ्गीत, नीतिशास्त्र, धनुर्वेद, पञ्जी, प्रशस्ति, चित्र** तथा **देशीभाषाओं** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में ग्रन्थों की अकारादि-क्रम से सूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३३४ ८.००

३०. विवरणपञ्जिका (द्वादश-खण्ड, भाग-२)

इस भाग में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **जैनदर्शन, भक्ति-सम्प्रदाय, आयुर्वेद, कामशास्त्र, शिल्पशास्त्र, सङ्गीत, नीतिशास्त्र, धनुर्वेद, पञ्जी, प्रशस्ति, चित्र** तथा **देशीभाषाओं** के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है। अन्त में अकारादि-क्रम से ग्रन्थसूची भी संलग्न है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ३६८ २००.००

३१. विवरणपञ्जिका (त्रयोदश-खण्ड)

इस खण्ड में **सरस्वतीभवन** में संगृहीत **वेद, कर्मकाण्ड, धर्मशास्त्र, पुराणेतिहास** आदि के हस्तलिखित ग्रन्थों का परिचयात्मक विवरण है।

आकार : सुपर रायल, पृ.सं. ६२४ ७६.००

१४. सारस्वती सुषमा

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की त्रैमासिक अनुसन्धान-पत्रिका का प्रकाशन सन् १९४२ ई. से निरन्तर होता आ रहा है। इस पत्रिका का प्रकाशनारम्भ 'राजकीय संस्कृत कालेज' के समय में ही हुआ था। तभी से यह अनुसन्धान-पत्रिका अविच्छिन्न रूप से अपनी सारस्वत उपलब्धियों के माध्यम से संस्कृत-जगत् को अभिनव दृष्टि प्रदान करती आ रही है। इस गवेषणाप्रधान पत्रिका में संस्कृत-वाङ्मय की सभी शाखाओं से सम्बद्ध पाण्डित्यपूर्ण मौलिक निबन्धों का प्रकाशन होता है।

इस पत्रिका में अनुसन्धान-निबन्धों का तो प्रकाशन होता ही है, साथ ही इस विश्वविद्यालय के विश्वविख्यात 'सरस्वतीभवन-पुस्तकालय' में सुरक्षित विभिन्न विषयों की लघु-पाण्डुलिपियों को 'लघु-ग्रन्थमाला' के अन्तर्गत प्रकाशित किया जाता है। निःसन्देह वे लघु-ग्रन्थ 'सारस्वती सुषमा' के माध्यम से संस्कृत-प्रेमियों के लिए बहुमूल्य उपहार हैं। इस अनुसन्धान-पत्रिका का प्रचार-प्रसार भारतवर्ष में तो है ही, विदेशों में भी इसके पाठकों की संख्या पर्याप्त है।

इस पत्रिका के प्रथम अङ्क से लेकर अद्यावधि प्रकाशित प्रायः सभी अङ्क उपलब्ध हैं। 'सारस्वती सुषमा' का वार्षिक चन्दा रू.१००.०० 'सौ रूपये' है और इसका प्रकाशन वर्ष में चार बार ज्येष्ठ, भाद्रपद, मार्गशीर्ष एवं फाल्गुन-पूर्णिमा को होता है।

इस विश्वविद्यालय में विशेष अवसरों पर विशिष्ट व्याख्यान-मालाएँ आयोजित होती रहती हैं। व्याख्यान के रूप में पठित तत्तत्-शास्त्रों से सम्बद्ध निबन्धों को भी 'सारस्वती सुषमा' के विशेषाङ्क के रूप में प्रकाशित किया जाता है। अधोलिखित विशेषाङ्क अपने आप में तत्तत्-शास्त्रों के सार-संक्षेप हैं तथा सङ्ग्रहणीय हैं—

१. दर्शनविशेषाङ्कः

इस अङ्क में सभी आस्तिक दर्शनों पर तत्तत् दर्शनों के अधिकारी विद्वानों द्वारा लिखे गये गवेषणाप्रधान निबन्धों का प्रकाशन हुआ है। यह विशिष्टाङ्क 'सारस्वती सुषमा' के ग्यारहवें वर्ष के ३-४ अङ्कों के रूप में प्रकाशित है।

आकार : रायल, पृ.सं. २७२ ३०.००

२. व्याकरणदर्शनविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में व्याकरण-शास्त्र के विविध पक्षों पर निष्णात विद्वानों द्वारा लिखित शास्त्रचिन्तनपूर्ण निबन्धों का प्रकाशन हुआ है। इसका प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **तेरहवें वर्ष के १-४ अङ्कों** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ३२६ — ६०.००

३. बौद्ध-जैन-दर्शनविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में बौद्ध-जैन तथा शाक्त-दर्शनों पर ख्यातिलब्ध विद्वानों द्वारा लिखित गवेषणापूर्ण निबन्ध प्रकाशित हुए हैं। इस विशिष्टाङ्क का प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **चौदहवें वर्ष के चतुर्थ अङ्क** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. १२८ — १५.००

४. दर्शनविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में भी विभिन्न भारतीय-दर्शनों के उद्भव एवं विकास तथा उनकी वैचारिक उपलब्धियों पर तत्तत्-शास्त्रों के मूर्धन्य विद्वानों द्वारा लिखे गये अनुसन्धानपूर्ण निबन्धों का प्रकाशन हुआ है। यह विशिष्टाङ्क 'सारस्वती सुषमा' के **पन्द्रहवें वर्ष के १-४ अङ्कों** के रूप में प्रकाशित हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ३७८ — ६०.००

५. दर्शनविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में भी समस्त आस्तिक दर्शनों पर लिखे गये पाण्डित्य-पूर्ण निबन्धों का सङ्ग्रह है। इसमें कुछ निबन्ध पाश्चात्त्य-पौरस्त्य दर्शनों पर तुलनात्मक दृष्टि से भी लिखे गये हैं। इस विशेषाङ्क का प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **सत्रहवें वर्ष के १-४ अङ्कों** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ४३६ — ६०.००

६. तन्त्रशास्त्रविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में तन्त्रवाङ्मय के अधिकारी विद्वानों द्वारा लिखे गये निबन्धों का प्रकाशन हुआ है। इसका प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **बीसवें वर्ष के प्रथमाङ्क** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ३०२ — १५.००

७. पुराणविशेषाङ्कः

इस विशिष्टाङ्क में पुराण-साहित्य के मर्मज्ञ विद्वानों द्वारा लिखे गये अनुसन्धानपूर्ण निबन्धों का सङ्ग्रह है। इसका प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **बीसवें वर्ष** के **३-४ अङ्कों** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. १७२ — ३०.००

८. वेदान्तदर्शनविशेषाङ्कः

इस विशेषाङ्क में वेदान्तदर्शन के सभी सम्प्रदायों की दार्शनिक विवेचना से सम्बद्ध अनुसन्धानपूर्ण निबन्धों का प्रकाशन हुआ है। विशेषाङ्क सङ्ग्रहणीय है। इसका प्रकाशन 'सारस्वती सुषमा' के **इक्कीसवें वर्ष** के **३-४ अङ्कों** के रूप में हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. १३८ — ३०.००

९. रजतजयन्तीविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' का **छब्बीसवें वर्ष** का **३-४ अङ्क** 'रजतजयन्ती-विशिष्टाङ्क' के रूप में प्रकाशित हुआ है। इस अङ्क में प्रकाशित सभी निबन्ध पाण्डित्यपूर्ण हैं। इस विशेषाङ्क की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 'सारस्वती सुषमा' में प्रथम वर्ष से लेकर पन्द्रहवें वर्ष तक प्रकाशित निबन्धों तथा उनके लेखकों की सूची परिशिष्टरूप में प्रकाशित की गयी है।

आकार : रायल, पृ.सं. २२० — ३०.००

१०. विश्वसंस्कृतसम्मेलनविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' के **छत्तीसवें वर्ष** के **१-४ अङ्कों** का प्रकाशन **'विश्वसंस्कृतसम्मेलनविशेषाङ्क'** के रूप में हुआ है। इस विशेषाङ्क में संस्कृत-जगत् की महान् विभूतियों के निबन्ध तो प्रकाशित हुए ही हैं, साथ ही **'व्याकरणदर्शनभूमिका'** नामक ग्रन्थ के प्रकाशन से यह विशेषाङ्क संस्कृत-समाज में सदा आदरपूर्वक स्मरण किया जायगा।

आकार : रायल, पृ.सं. २५८ — ६०.००

११. विश्वविद्यालयरजतजयन्तीविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' के **सैंतीसवे वर्ष** के **१-४ अङ्कों** को **'विश्वविद्यालय-रजतजयन्तीविशेषाङ्क'** के रूप में दो भागों में प्रकाशित किया गया है।

विविध शास्त्रों पर विशिष्ट निबन्धों के साथ प्रथम-भाग में 'अभावविमर्शः' एवं द्वितीय-भाग में 'शिवमहिम्नस्तोत्रम्' नामक लघुग्रन्थों के प्रकाशन से यह विशेषाङ्क अत्यधिक सङ्ग्रहणीय हो गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. २६६ भाग-१ ६०.००

आकार : रायल, पृ.सं. ३४० भाग-२ ६०.००

१२. म.म. गोपीनाथकविराजविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' के उन्तालीसवें वर्ष के १-४ अङ्कों का प्रकाशन 'म.म. गोपीनाथकविराजविशेषाङ्क' के रूप में हुआ है। इस विशेषाङ्क में कविराज जी के व्यक्तित्व के बारे में राष्ट्रीय स्तर के विख्यात विद्वानों के निबन्ध प्रकाशित हुए हैं। यह विशेषाङ्क तन्त्रशास्त्र के साधक मनीषी कविराज जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर प्रकाशित हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ३२८ ६०.००

१३. श्रीशङ्कराचार्यविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' के इकतालीसवें वर्ष के १-४ अङ्कों का प्रकाशन 'श्री शङ्कराचार्यविशेषाङ्क' के रूप में हुआ है। यह विशेषाङ्क श्रीशङ्करभगवत्पाद की द्वादश-शताब्दी के अवसर पर प्रकाशित किया गया है। इस विशेषाङ्क में श्री शङ्कर-भगवत्पाद के सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व का साङ्गोपाङ्ग विवेचन हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. २८७ ३०.००

१४. स्वर्णजयन्तीविशेषाङ्कः

'सारस्वती सुषमा' के इक्यावनवें वर्ष के १-४ अङ्कों का प्रकाशन 'स्वर्णजयन्ती-विशेषाङ्क' के रूप में हुआ है। यह विशेषाङ्क संस्कृत-वर्ष (१९९९-२०००, युगाब्द-५१०१) के अवसर पर प्रकाशित किया गया है। इस विशेषाङ्क में वेद, तन्त्रशास्त्र, व्याकरणशास्त्र, ज्योतिष-शास्त्र, दर्शन-शास्त्र, साहित्यशास्त्र प्रभृति विविध शास्त्रों के ख्यातिलब्ध विद्वानों द्वारा लिखित गवेषणापूर्ण निबन्ध प्रकाशित हुए हैं।

आकार : रायल, पृ.सं. ८२२ १००.००

१९. संकाय-पत्रिका

१. सङ्कायपत्रिका

इस विश्वविद्यालय के संकायों की उपलब्धियों कों अभिव्यक्त करती है। इस पत्रिका का श्रीगणेश १९८४ में हुआ था। इसमें विभिन्न संकायों में होने वाली शास्त्रीय संगोष्ठियों में पढ़े गये तथा उन पर हुए विमर्शों को सम्पादित करके प्रकाशित किया जाता है, साथ ही तत्तत्संकायों के विद्वानों के द्वारा सम्पादित हस्तलिखित लघु-पाण्डुलिपियों का भी प्रकाशन किया जाता है। अब तक 'संकाय-पत्रिका' के दो भाग प्रकाशित हो चुके हैं तथा तीसरे भाग का प्रकाशन भी शीघ्र होने जा रहा है।

आकार : रायल, पृ.सं.४०० भाग-१ ३२.००
आकार : रायल, पृ.सं.२५२ भाग-२ ४५.००
आकार : रायल, पृ.सं. ४४८ भाग-३ २८०.००

१६. प्राकृत तथा जैनदर्शन

१. परमागमसारो

यह ग्रन्थ आचार्य श्रुतमुनि द्वारा प्रणीत है। इसका प्रणयन पद्यबद्ध-रूप में प्राकृत-भाषा में हुआ है। यह जैनदर्शन का 'सिद्धान्त'-ग्रन्थ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ४७ ४.५०

२. कसायपाहुडसुत्तं

इस ग्रन्थ के प्रणेता आचार्य गुणधर हैं। इसका प्रणयन भी प्राकृत-भाषा में पद्यबद्ध-रूप में हुआ है और यह जैनदर्शन का 'सिद्धान्त'-ग्रन्थ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ९६ ८.००

३. अवचूरिजुदो दव्वसङ्गहो

इस ग्रन्थ के रचयिता आचार्य श्रीनेमिचन्द्र हैं। यह जैन-शास्त्र का 'द्रव्यसङ्ग्रह' ग्रन्थ है। इसकी रचना पद्यबद्ध-रूप में प्राकृत-भाषा में हुई है और इसका प्रकाशन 'अवचूरि' नामक संस्कृत-टीका के साथ हुआ है।

आकार : रायल, पृ.सं. ७२ ७.००

४. प्राकृतप्रकाशः

प्राकृत-व्याकरण के इस महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के प्रणेता आचार्य वररुचि जी हैं। इस ग्रन्थ का प्रकाशन सञ्जीवनी, सुबोधिनी, मनोरमा, प्राकृतमञ्जरी टीकाओं तथा हिन्दी-भाषानुवाद के साथ किया गया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ६४८ २५०.००

५. षड्दर्शनेषु प्रमाणप्रमेयसमुच्चयः

जैन दार्शनिक अनन्तवीर्याचार्य द्वारा प्रणीत इस महत्त्वपूर्ण लघु-ग्रन्थ में सभी दर्शनों के प्रमाण एवं प्रमेय को अत्यन्त सरल भाषा में विवेचन किया गया है। इसका सम्पादन कुमार अनेकान्त जैन ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. २४ १०.००

६. गाथासप्तशती

महाकवि श्री सातवाहन 'हाल' द्वारा प्रणीत इस महनीय ग्रन्थ का प्रकाशन भट्ट श्री मथुरानाथ शर्मा द्वारा प्रणीत प्राकृत-गाथासप्तशती की छायारूप 'संस्कृतगाथासप्तशती' एवं 'व्यङ्ग्यसर्वङ्कषा' संस्कृत-व्याख्या के साथ किया गया है। इसका सम्पादन डॉ. उमापति उपाध्याय ने किया है।

आकार : रायल, पृ.सं. ४८८ ४००.००

प्रकाशनों के विक्रय के नियम

१. विद्यालय के प्रकाशन पुस्तकादेश के अनुसार बी.पी.पी., रेलवे पार्सल द्वारा भेजे जाते हैं। पुस्तकें प्राप्यक (बिल) पर भी दी जाती हैं।प्राप्यक (बिल) पर प्रदत्त पुस्तकों का भुगतान तीन माह में आना आवश्यक है।

२. प्रेषित पुस्तकों का भुगतान नगद अथवा बैंकड्राफ्ट, जिसका भुगतान वाराणसी में हो सके, के माध्यम से स्वीकार किया जाता है।

३. रेखाङ्कित बैंकड्राफ्ट, **'वित्त अधिकारी,सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी'** के पक्ष में देय होना अपेक्षित है और रजिस्ट्री द्वारा उसे **'विक्रय-अधिकारी'** के पते पर प्रेषित करना चाहिए। धनादेश (मनीआर्डर) लेने का नियम नहीं है।

४. पैकिंग तथा अन्य अपेक्षित डाक-व्यय ग्राहक को स्वयं वहन करना पड़ेगा।

५. रेलवे पार्सल द्वारा प्रकाशनों को मँगाने पर निकटतम रेलवे स्टेशन का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

६. पुस्तकादेश भेजते समय प्रकाशनों की सिरीज-संख्या, क्रम-संख्या तथा ग्रन्थों के नाम का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

७. पुस्तकें पूर्ण सावधानीपूर्वक पैकिंग करके भेजी जाती हैं। मार्ग में किन्हीं कारणों से पैकेट के क्षतिग्रस्त हो जाने पर उस क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। बिके हुए प्रकाशन वापस नहीं लिये जाते।

८. प्रकाशनों के क्रय से सम्बद्ध पत्राचार **'विक्रय अधिकारी' सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी-२२१००२'** के पते पर किया जाना चाहिए।

९. इस विश्वविद्यालय के विक्रय-विभाग से नगद धन जमा करके अपेक्षित प्रकाशनों का क्रय किया जा सकता है। ग्राहकों की सुविधा के लिए विक्रय-विभाग सामान्य कार्य-दिवसों में **प्रातः १०.३० बजे से सायंकाल ४.३०** बजे तक तथा **ग्रीष्म-ऋतु में प्रातः ७.०० बजे से दोपहर १.०० बजे तक** धन जमा करके अपेक्षित प्रकाशन तुरन्त ग्राहकों को सुलभ कराता है।

१०. प्रकाशनों के विक्रय से सम्बन्धित सभी प्रकार की नगद धनराशि विश्वविद्यालय के **"विक्रय-विभाग"** में ही जमा की जा सकती है। सीधे लेखा-विभाग में प्रकाशनों के लिए धन जमा करने का नियम नहीं है।

११. प्रकाशनों की सूची निःशुल्क विक्रय-विभाग से मँगायी जा सकती है।

प्रकाशनों के विक्रय के नियम

(क) सभी संस्थाओं, पुस्तकालयों, सरकारी विभागों तथा सामान्य ग्राहकों को एक साथ एक बिल पर ग्रन्थों के क्रय पर निम्नलिखित प्रकार से कमीशन दिया जाता है—

क्रय-राशि	देय छूट (कमीशन) प्रतिशत में
१०० रू. तक	१५
१०१ रू से ५०० रू. तक	२०
५०१ रू. से १००० रू. तक	२५
१००१ रू. से ३००० रू. तक	३०
३००० रू. से अधिक पर	४०

(ख) पुस्तक-विक्रेताओं के लिए

५०० रू. तक	२५
५०१ रू. से १००० रू. तक	३०
१००१ रू. से ३००० रू. तक	३५
३००० रू. से अधिक पर	४०

(ग) अनुसन्धान-पत्रिका "सारस्वती सुषमा" तथा 'दृक्सिद्धपञ्चाङ्ग' पर निम्न प्रकार से छूट (कमीशन) प्रदान किया जाता है—

विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित होने वाली अनुसन्धान-पत्रिका 'सारस्वती सुषमा' के प्राचीन अङ्कों (करेण्ट वर्ष के अङ्कों को छोड़कर) तथा पञ्चाङ्ग के क्रय पर सर्वसाधारण ग्राहकों को १० प्रतिशत तथा पुस्तक-विक्रेताओं को २५ प्रतिशत की छूट दी जाती है।

प्रकाशक
डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी
निदेशक, प्रकाशन-संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी-२२१००२
दूरभाष - २०६३६४

प्राप्ति-स्थान एवं पत्रव्यवहार-संकेत
डॉ. पद्माकर मिश्र
विक्रय अधिकारी
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी-२ उ.प्र. (भारत)
दूरभाष - २०२१९५
E-mail : sale_ossvns@sify.com
Website : www.sanskrituniversityvaranasi.com

भारतीय संस्कृति के नवोन्मेष में युगान्तरकारी प्रयास

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय का 'सरस्वतीभवन' पुस्तकालय हस्तलिखित पाण्डुलिपियो के सङ्ग्रह के क्षेत्र में विश्वविख्यात है। इस पुस्तकालय में १७९१ ई. से १९८१ ई. के मध्य कुल १,११,१३२ हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का सङ्ग्रह हुआ। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के पूर्व इस संस्था का नाम 'राजकीय संस्कृत महाविद्यालय' था, जिसकी स्थापना १७९१ ई में हुई थी। इस प्रकार लगभग २०० वर्षों की अवधि में इस संस्था ने देश के कोने-कोने में संस्कृत-पण्डितों की टोलियाँ भेज-भेजकर प्रभूत धनराशि का व्यय करते हुए इन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों का सङ्ग्रह कराया है।

यहाँ यह सूचित करते हुए महान् हर्ष हो रहा है कि 'सरस्वतीभवन' पुस्तकालय में संगृहीत हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की 'विवरणपञ्जिका' (कैटलॉग) के ३१ भाग अब तक प्रकाशित किये जा चुके हैं। इन ३१ भागों में जिन विषयों के विवरण प्रकाशित हैं, वे निम्न हैं–

१. वेद, उपनिषद्	–	४ खण्ड
२. कर्मकाण्ड	–	४ खण्ड
३. धर्मशास्त्र	–	२ खण्ड
४. पुराणेतिहास और गीता	–	२ खण्ड
५. स्तोत्र-साहित्य	–	४ खण्ड
६. तन्त्रशास्त्र	–	३ खण्ड
७. सांख्ययोग, पूर्वमीमांसा तथा वेदान्तदर्शन	–	२ खण्ड
८. न्यायवैशेषिक-दर्शन	–	२ खण्ड
९. ज्यौतिषशास्त्र	–	२ खण्ड
१०. व्याकरणशास्त्र	–	१ खण्ड
११. साहित्यशास्त्र	–	२ खण्ड
१२. जैनदर्शन, भक्तिसम्प्रदाय, आयुर्वेद, कामशास्त्र आदि	–	३ खण्ड

इस प्रकार यह विश्वविद्यालय युगों-युगों की कालावधि में ऋषियों, मुनियों, आचार्यों तथा मनीषी विद्वानों के द्वारा प्रणीत प्राच्य भारतीय विद्याओं की विभिन्न शाखाओं की संस्कृत-वाङ्मय की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की विवरणपञ्जिकाओं को भारतीय संस्कृति की धरोहर के रूप में विद्वानों, मनीषियों, अनुसन्धाताओं, विचारकों और विश्लेषणकर्त्ताओं के समक्ष प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित हो रहा है। निश्चय ही इन विवरणपञ्जिकाओं के विश्लेषण, चिन्तन तथा अनुसन्धान से प्राच्य-भारतीय विद्याओं के क्षेत्र में हो रहे विश्लेषणों, चिन्तनों और अनुसन्धान-कार्यों को युगान्तरकारी नवोन्मेष प्राप्त होगा।

इन विवरणपञ्जिकाओं के सभी भाग उपलब्ध और सङ्ग्रहणीय हैं।

पण्डित-परिक्रमा

यह सूचित करते हुए महान् हर्ष हो रहा है कि **'दि पण्डित-पत्रिका (काशीविद्यासुधानिधिः)'** की सामग्री लगभग छिहत्तर वर्षों बाद **'पण्डित-परिक्रमा'** एवं **'पण्डित रीविजिटेड'** ग्रन्थमालाओं के अन्तर्गत प्रकाशित हो रही है। अब तक इन ग्रन्थमालाओं में दस ग्रन्थों का प्रकाशन सम्पन्न हुआ है।

'दि पण्डित-पत्रिका (काशीविद्यासुधानिधिः)' का प्रकाशन इस विश्वविद्यालय की पूर्व-संस्था **'राजकीय संस्कृत कालेज'** के द्वारा सन् १८६६ ई. में प्रारम्भ हुआ था। तत्पश्चात् १९१७ ई. पर्यन्त अविच्छिन्न रूप से इसका प्रकाशन होता रहा। उसके पश्चात् यह पत्रिका **'सरस्वतीभवन-ग्रन्थमाला'** एवं **'सरस्वतीभवन-अध्ययनमाला'** नाम से प्रचलित हुई और १९४२ ई. से वही शृङ्खला **'सारस्वती सुषमा'** के नाम से आज तक निरन्तर प्रकाशित हो रही है। इस प्रकार **'दि पण्डित-पत्रिका'** (**'काशीविद्यासुधानिधिः'**) **'सरस्वतीभवन-ग्रन्थमाला'** तथा **'सरस्वतीभवन-अध्ययनमाला'** में परिणत हुई और वही **'सारस्वती सुषमा'** में परिणत हुई। यह परिणमन वैसा ही होता गया, जैसा इस विश्वविद्यालय की आदि-संस्था का नाम **'राजकीय संस्कृत महाविद्यालय'** रहा.जो कालान्तर में **'वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय'** में हुआ और पुनः इसका परिणमन **'सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय'** में हुआ।

म.म. विट्ठलशास्त्री, म.म. बालशास्त्री एवं पण्डित बेचनराम शर्मा प्रभृति सर्वतन्त्रस्वतन्त्र विद्वानों की लेखनी का विलास **'दि पण्डित-पत्रिका'** के संस्कृत-निबन्धों में अवलोकनीय है। इसी प्रकार **जे.आर.वैलेन्टाइन, जॉन म्योर, आर.टी.एच. ग्रिफिथ, डॉ. जी. थिबो, डॉ. ए.वेनिस एवं मैक्समूलर** प्रभृति स्वनामधन्य विश्वविख्यात मनीषियों के अंग्रेजी-भाषानिबद्ध निबन्ध इसमें प्रकाशित होते रहे।

इस प्रकार की दुर्लभ एवं पाण्डित्यपूर्ण सामग्री के प्रकाशन के विना आधुनिक युग में संस्कृत-साहित्य के विश्लेषण को अधूरा समझते हुए तदानीन्तन कुलपति **आचार्य श्रीविद्यानिवास मिश्र** ने निश्चय किया कि इतिहास के गर्भ में विस्मृत हो चुकी इस बहुमूल्य सामग्री को प्रकाश में लाना है। विश्वविद्यालय के इसी सङ्कल्प का मूर्त्तरूप **'पण्डित-परिक्रमा'** एवं **'पण्डित रीविजिटेड'** ग्रन्थमालाओं में देखा जा सकता है। **'दि पण्डित-पत्रिका'** की सम्पूर्ण सामग्री लगभग पच्चीस खण्डों में प्रकाशित होगी। ये सभी खण्ड अपनी गहन शास्त्रीय उपलब्धियों के कारण संस्कृत साहित्य के समसामयिक चिन्तन को निश्चय ही झंकृत एवं स्पन्दित करेंगे।

अब तक प्रकाशित दसों खण्ड अत्यन्त सङ्ग्रहणीय हैं।

मुद्रक : श्रीजी कम्प्यूटर प्रिण्टर्स, नाटी इमली, वाराणसी-२२१००१